देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 17.12.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज प्रदेश में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान का शुभारंभ करेंगे।
- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को न्यूनतम करने के निर्देश दिए।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश में बेसिक शिक्षकों के 1 हजार 670 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- और.... सरकार ने मसूरी में आयोजित होने वाले विंटर लाइन कार्निवाल की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जन जन की सरकार

प्रदेश में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान आज से शुरू होगा। यह अभियान अगले 45 दिनों तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न न्याय पंचायतों और ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से आम जनता को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाएगा।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि अभियान के दौरान पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

टिहरी डीएम

टिहरी गढ़वाल की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों को अपने तैनाती स्थल से अधिकतम 8 किलोमीटर के दायरे में ही आवास करने के निर्देश जारी किए हैं।

आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों और शिक्षकों को अपने कार्य स्थल के दायरे में रहना अनिवार्य है, जिससे लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके और शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

जिलाधिकारी के इस आदेश का स्वागत करते हुए पूर्व शिक्षक नेता वाचस्पति रयाल ने कहा कि इस निर्णय से बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

मानव–वन्यजीव संघर्ष

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को न्यूनतम करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित वन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनभावनाओं के अनुरूप प्रत्येक निर्णय में अनावश्यक विलंब न किया जाए और सभी आवश्यक कार्यवाहियां समयबद्ध व पारदर्शी रूप से सुनिश्चित की जाएं।

वन मंत्री ने विभागीय जनजागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया, ताकि स्थानीय लोगों के सहयोग से मानव–वन्यजीव सह–अस्तित्व को बढ़ावा दिया जा सके।

उन्होंने जंगलों में फलदार प्रजातियों के वृक्षारोपण को प्रोत्साहित कर जैव विविधता के संरक्षण और वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

वनाग्नि प्रबंधन को लेकर विभागीय तैयारियों की समीक्षा करते हुए वन मंत्री ने कर्मियों की सतर्कता, उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

प्राथमिक शिक्षक भर्ती

प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बेसिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। जिलावार आयोजित भर्ती प्रक्रिया के तहत 1 हजार 670 रिक्त पदों के सापेक्ष विभाग को 61 हजार 861 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तहत आवेदकों के शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर शैक्षिक गुणांक निर्धारित किए जा रहे हैं। इसके आधार पर मेरिट सूची जारी की जाएगी।

विंटर लाइन कार्निवाल

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में आयोजित होने वाले विंटर लाइन कार्निवाल को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्निवाल के दौरान देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

देहरादून में आयोजित बैठक के दौरान मंत्री ने विशेष रूप से सार्वजनिक शौचालयों में साफ–सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया।

बैठक में उन्होंने लंढौर मार्ग पर हो रहे भू–धंसाव पर भी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी देहरादून को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि 21 दिसंबर को मसूरी स्थित अटल उद्यान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा।

नव वर्ष की तैयारी

प्रदेश में आगामी क्रिसमस और नववर्ष की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस दौरान आमजन को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

त्योहारी मौसम में खाद्य पदार्थों की खपत में वृद्धि को देखते हुए विभाग ने मिलावटखोरी, घटिया गुणवत्ता और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण और विक्रय पर कड़ी निगरानी रखने का निर्णय लिया है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि खाद्य कारोबार से जुड़े सभी हितधारकों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

बीमा अधिनियम

लोकसभा में सबका बीमा सबकी रक्षा बीमा अधिनियम संशोधन विधेयक, 2025 पारित हो गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह विधेयक बेहतर नियामक निगरानी, अनुपालन में आसानी और बीमा मध्यस्थों

द्वारा निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने का प्रावधान करता है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य पारदर्शिता लाना, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ाना और अनुपालन से जुड़ी समस्याओं को सरल बनाना है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

घने कोहरे के चलते यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे की खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है– 12 बसों और तीन कारों में टक्कर, आग का गोला बन गईं गाड़िया, 13 जिंदा जले, 100 घायल।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया, राहुल को राहतः हिन्दुस्तान की सुर्खी।

आईपीएल नीलामी पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– शिक्षा मित्र के बेटे प्रशांत वीर को मिले रिकार्ड 14.2 करोड़। इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– ऑस्ट्रेलिया के ग्रीन 25.20 करोड़ में बिके।

एसआईआर पर नवोदय टाइम्स पहले पृष्ठ पर प्रथम सुर्खी के साथ लिखता है– बंगाल में कटे 58 लाख नाम। ममता के क्षेत्र से कटे 44 हजार 787 नाम।